संख्या-1603/44-1-2010-151/2010

प्रेषक,

हरिराज किशोर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रशासनिक
विभागों के प्रमुख सचिव/ सचिव ।

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक 07 अक्टूबर, 2010

विषय :- चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन /उच्चीकरण के संबंध में ।

महोदय,

वेतन समिति-2008 के सातवें प्रतिवेदन की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों को दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन की स्वीकृति शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009,दिनांक 16 अक्टूबर,2009 द्वारा दी गयी थी ।

2. इस संबंध में जिन सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों में छठा वेतनमान लागू किया जा चुका है वहॉ पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को समूह 'ध' के पूर्व वेतनमान रु0 2550-3200, 2610-3540 तथा 2650-4000 के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वर्तमान वेतन बैण्ड-1 एस0 रु0 4440-7440 एवं ग्रेड वेतन क्रमशः रु0 1300/-, रु0 1400/- तथा रु0 1650/- के स्थान पर तात्कालिक प्रभाव से वेतन बैण्ड-1, रु0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 1800/- अनुमन्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

3. उपर्युक्तानुसार उच्चीकृत / संशोधित वेतन बैण्ड-1 रु0 5,200-20,200 एवं ग्रेड वेतन रु01800/- में संबंधित कार्मिक का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-841/दस-2009-59(एम)/ 2008, दिनांक 24 दिसम्बर,2009 तथा समय-समय पर तत्क्रम में निर्गत अन्य शासनादेशों की व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा ।

4. उपर्युक्त शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा और शासनादेश की शेष शर्तें यथावत लागू रहेंगी ।

भवदीय,

हरिराज किशोर,
प्रमुख सचिव ।

पृ0सं0- 1603 (1)/44-1-2010-151/2010 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रबन्ध निदेशक/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी ।
2. निदेशक,सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो,जवाहर भवन,लखनऊ ।
3. सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-2/आडिट प्रकोष्ठ वाणिज्यिक, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. संयुक्त निदेशक,सार्वजनिक उधम व्यूरो को वेब साइट पर डालने हेतु/प्रबन्ध पत्रिका के प्रकाशनार्थ।
5. महालेखाकार ( लेखा परीक्षा ) द्वितीय, उ0प्र0,लखनऊ।
6. निदेशक,सूचना एवं जनसम्पर्क ,उ0प्र0,लखनऊ।
7. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

( सी0पी0 सिंह )
उप सचिव।